अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 13 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण-नवमी
विक्रम संवत-2082




PAGE NO VI : BOTTOM

# कूच बिहार ट्रॉफी के लिए पहुंची उत्तर प्रदेश की टीम



शहर में पहुंची यूपी की टीम का किया गया स्वागत। स्रोत : स्वयं

बरेली। 16 से 19 दिसंबर तक अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश और बंगाल की टीमों के बीच श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की टीम का शहर आगमन हुआ। सभी खिलाड़ियों, कोच और सहयोगी स्टाफ को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

यह तीसरा अवसर है जब जिले को कूच बिहार ट्रॉफी के मुकाबलों की मेजबानी का अवसर मिला है। इससे पूर्व वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश और नागालैंड व वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच मैच यहां आयोजित हो चुके हैं। संवाद